Uday Bhoomi

Date: 13.08.2024

आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह

-नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध अमृत के समान, रखें विशेष ध्यान

गाजियाबाद। दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा मंगलवार को विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया, जिसका विषय "अंतर को कम करना, सभी के लिए स्तनपान समर्थन" था। विश्व स्तनपान को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर के शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए हर साल विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इसकी शुरुआत अगस्त 1990 में हुई थी। विश्व स्तनपान सप्ताह घोषित किए जाने का उद्देश्य स्तनपान को बढ़ावा देना था, जिससे शिशुओं को सही पोषण और उनका स्वास्थ्य बेहतर किया जा सके। इस मिशन में विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और अन्य संगठन भी शामिल है। इस अवसर पर संस्थान में आने वाली महिला मरीजों को बताया गया कि नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध अमृत के समान है।

Sign: __________ **Dental Library** ____________________ **Director- Principal**